जबलपुर | गुरुवार | 10 सितंबर 2026 | वर्ष 77 | अंक 228 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
1934 से

# 21500 पर डील डन — सरकार को झुकाया, खुद भी झुके

## स्टाइपेंड को लेकर इंटर्न डॉक्टरों की हड़ताल खत्म, लाठी चार्ज पर एक्शन





**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 9 सितंबर. इंटर्न डॉक्टरों की स्टाइपेंड बढ़वाने को लेकर चल रहा प्रदर्शन बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला और इंटर्न डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई लंबी बातचीत के बाद समाप्त हो गया.**

प्रदर्शन के दूसरे दिन सरकार द्वारा 18 से 20 हजार स्टाइपेंड देने की बात सामने आई थी. लेकिन सहमति न बनने के कारण सरकार ने बुधवार को तीसरे दिन 21500 रुपये का प्रस्ताव इंटर्न डॉक्टरों के समक्ष रखा. जिसे 30 हजार स्टाइपेंड की मांग कर रहे इंटर्न डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने स्वीकार कर 21 हजार 500 की राशि पर सहमति दी.

आपसी बातचीत के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ला ने गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएममसी) आकर प्रेसवार्ता आयोजित की. जिसमें डॉ शुक्ला ने कहा कि जूडा, एमटीए और इंटर्न डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल के साथ स्टाइपेंड वृद्धि पर साकारात्मक चर्चा हुई है. जिसके बाद बीच का रास्ता निकालते हुए मुख्यमंत्री के संज्ञान में 14 हजार 337 रुपये स्टाइपेंड की राशि को 50 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21 हजार 500 रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया गया है. साथ ही प्रदर्शन के दौरान घायल हुए छात्रों को उचित मुआवजा देने की बात भी स्वीकार कर ली गई है. इस दौरान डॉ शुक्ला ने हड़ताली डॉक्टरों को लड्डू खिलाकर आंदोलन का समापन कराया. जिसके बाद इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ोत्तरी का जोरदार जश्न मनाया.

वहीं शाम 4 बजे करीब किलोल पार्क मार्ग की आवाजाही को खोलकर वन वे से टू वे कर दिया गया.

### समझौता पहले हो जाता तो मरीज नहीं होते परेशान



प्रदर्शन के कारण जिन मरीजों को इलाज से परेशानी आई, वह दुखद है. लेकिन सरकार पहले ही स्टाइपेंड बढ़ा देती तो न ओपीडी बंद होती, न ही ऑपरेशन टलते और न ही मरीज परेशान होते.

**डॉ अमय**, इंटर्न डॉक्टर



स्टाइपेंड बढ़ाने का जो निर्णय तीन दिन बाद लिया गया, वो पहले ही ले लेते तो प्रदर्शन की जरूरत ही नहीं पड़ती.

**डॉ राज गुप्ता**, इंटर्न डॉक्टर

### संतुष्ट नहीं लेकिन बढ़ा स्टाइपेंड सम्मानजनक



हमारी मांग तो 30 हजार की थी, लेकिन 21 हजार 500 पर बात तय हो गई है. राशि संतोषजनक नहीं है लेकिन पहले मिल रहे स्टाइपेंड की अपेक्षा नया स्टाइपेंड समामनजनक है.

**रविन्द्र ठाकुर**, इंटर्न डॉक्टर



25 हजार का स्टाइपेंड तय करते तो ज्यादा खुशी होती, हालांकि जो निर्णय लिया गया है वो सम्मानजनक है. बाकी वॉटर केनन और लाठी चार्ज पर भी जांच जारी है, चोटिल इंटर्न डॉक्टरों को मुआवजा देने की बात से सभी इंटर्न डॉक्टर संतुष्ट हैं.

**मनीष मंडलोई**, इंटर्न डॉक्टर

### हड़ताल से प्रदेश भर में ठप रही ओपीडी

इंटर्न डॉक्टरों के साथ जूडा और एमटीए के सीनियर डॉक्टरों ने भी प्रदेश भर के अस्पतालों में सेवायें नहीं दी. जिससे भोपाल के हमीदिया अस्पताल सहित इंदौर के एमवाय अस्पताल, रतलाम, दतिया और जबलपुर समेत कई जिलों के सरकारी अस्पतालों में नियमित ओपीडी सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। वहीं डॉक्टरों के बहिष्कार से कई ऑपरेशन भी टले.

### वॉटर केनन और लाठी चार्ज पर एएसआई लाइन अटैच

इंटर्न डॉक्टरों के प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज और वॉटर कैनन के इस्तेमाल के मामले में दो पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। जोन-4 डीसीपी आदर्श शुक्ला ने वॉटर कैनन ऑपरेटर कृष्णदत्त शिवहरे को निलंबित कर दिया है। वहीं, जोन-3 डीसीपी आयुष गुप्ता ने एएसआई नरेन्द्र सिंह यादव को लाइन अटैच किया है. हालांकि, दोनों आदेशों में कार्रवाई का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है.

# कटनी-पेंड्रा के बीच चौथी लाइन

## मोदी कैबिनेट में 10 हजार करोड़ के रेल प्रोजेक्ट किये मंजूर

- 656 किमी बढ़ेगा नेटवर्क
- पांच राज्यों को लाभ

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 9 सितंबर. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 14 जिलों को कवर करने वाली तीन मल्टीट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है.**



कुल 10,783 करोड़ रुपए से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की वृद्धि होगी. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के बाद बैठक से जुड़े अहम प्रोजेक्ट की जानकारी दी. अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे आधुनिकीकरण से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई.

### छत्तीसगढ़ को भी मिला लाभ

इनमें खड़गपुर-झारसुगुड़ा (बागदेही) चौथी लाइन, कटनी-पेंड्रा रोड चौथी लाइन और बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड तीसरी लाइन शामिल हैं. इन परियोजनाओं के पूरा होने से संबंधित रेल मार्गों पर अतिरिक्त लाइन क्षमता उपलब्ध होगी.

## चड्ढा का नाम दिल्ली वोटर लिस्ट में जुड़ा, आप ने घेरा



**नई दिल्ली.** आम चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में चलाए गए मतदाता सूची पुनरिक्षण अभियान में भाजपा सांसद राघव चड्ढा का नाम नहीं था, जो अब पुन. जुड़ गया है. इसके आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला. पार्टी ने कहा ईसी ने पहले गलती की थी या अब की है, स्पष्ट करे.

# जारकीहोली पर ईडी छापे

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**बेंगलुरु, 9 सितंबर. कर्नाटक के पीडब्लयूडी मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश जारकीहोली से जुड़े ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की.**

ईडी की टीमों ने बेंगलुरु और बेलगावी के अलावा महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में करीब 18 परिसरों की तलाशी ली. मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई कार्रवाई के दौरान केस से जुड़े अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं. इस दौरान उनकी बेटी और कांग्रेस सांसद प्रियंका जारकीहोली से जुड़े परिसरों पर भी तलाशी ली गई. मालूम हो कि जारकीहोली कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के करीबी नेताओं में भी माने जाते हैं.



18 ठिकाने तलाशे

# राहत के नाम पर बांटा एक्सपायरी सिरप

## यूपी में अफसरों की लापरवाही, बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**नवभारत न्यूज**

**कानपुर, 9 सितंबर. यूपी के कानपुर में पांडु नदी का बढ़ता जलस्तर बर्रा मायापुरम के लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है.**

घरों में पानी और संक्रमण के खतरे के बीच बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत के तौर पर बांटी गई दवाओं में कथित तौर पर एक्सपायरी सिरप मिलने का मामला सामने आया है. परिजनों का दावा है कि जुलाई 2026 में एक्सपायर हो चुके सिरप को पीने के बाद कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें उल्टियां होने लगीं. बच्चों को प्राइवेट डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार बताया गया. अब राहत कैम्प में एक्सपायरी सिरप का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है. मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर सामने आए सिरप की जांच कराई जा रही है.




Applicable T&C available at your nearest dealership. *Effective Price ₹ 9.67 Lakh for Grand Vitara Sigma variant computed basis deduction of Consumer Offer (-) of ₹ 35 000, Maximum Exchange Bonus (-) of ₹ 30 000, PCM Bonus (-) of ₹ 25 000, Corporate Offer (-) of ₹ 20 000 from Ex. Showroom Price of Grand Vitara Sigma at ₹ 10.77 Lakh. Additional Loyalty Upgrade Bonus of ₹ 20 000 may also apply on exchange of Maruti Suzuki make vehicles only. #Effective Price of ₹ 11.12 Lakh for XL6 Zeta variant computed basis deduction of Consumer Offer (-) of ₹ 20 000, Exchange Bonus (-) of ₹ 30 000 from Ex. Showroom Price of XL6 Zeta at ₹ 11.62 Lakh. Exchange bonus applicable on Grand Vitara Sigma variant for vehicles aged 0–6 years; benefit may vary basis vehicle age, condition, and offer terms. The actual effective price may vary based on a customer's eligibility and applicable offers available at the time of purchase. Vehicle image displayed is of Grand Vitara Alpha+ and XL6 Alpha+, variant specific features may vary. Offers are valid only on Grand Vitara Sigma variant & XL6 Zeta variant. Offer valid until stocks last. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue any offers without notice. Prices and savings mentioned are for select variants and may vary across cities/variants. Creative visualisation. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper. Features and accessories shown may not form part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. **Finance options available by selected finance partners. Finance is at the sole discretion of the financier.